हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 17 जुलाई 2026



04 2579 किसानों ने कराया पंजीयन 298 लोगों ने...



08 51 किलो सुगंधित फूलों से सजाया रथ बना...



## खबर संक्षेप

### निगरानी समिति की बैठक आज

**नर्मदापुरम।** सांसद एवं अध्यक्ष जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) दर्शन सिंह चौधरी की अध्यता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन शुक्रवार 17 जुलाई को प्रातः 11:00 बजे से कार्यालय कलेक्टर नर्मदापुरम के रेवा सभाकक्ष में किया गया है। सर्व संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है।

### जिला कोषालय में विशेष कैम्प हुआ सम्पन्न

**नर्मदापुरम।** जिला कोषालय नर्मदापुरम के अंतर्गत आने वाले समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों, कर्मचारियों को सॉफ्टवेयर कोषालयीन कार्यप्रणाली के क्रियान्वयन के दौरान होने वाली तकनीकी समस्याओं के निराकरण एवं शासकीय विभागों में ऑउटसोर्सिंग सेवाओं के प्रबंधन हेतु पोर्टल के अनिवार्य उपयोग के संबंध में गुरूवार को दो दिवसीय विशेष कैम्प का आयोजन जिला कोषालय नर्मदापुरम में किया गया। जिसमें जिला कोषालय अधिकारी शिव प्रताप सिंह बघेल की अध्यक्षता में मधु अग्रवाल, सिस्टम मैंनेजर द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## सरेआम हत्या, त्वरित गिरफ्तारी और शहर की सुरक्षा के लिए एसपी का 'त्रिकोणीय एक्शन प्लान'

# क्षेत्र का बनेगा क्राइम मैप, टीमें करेंगी गश्त, आवारा तत्वों पर होगी कार्रवाई

इटारसी शहर में हाल ही में हुई चाकूबाजी और हत्या की सनसनीखेज वारदात ने इलाके में दहशत फैला दी। हालांकि, पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए न केवल हत्यारों को चंद घंटों में गिरफ्तार कर लिया, वहीं एसपी ने एक सख्त दूरगामी कार्ययोजना भी लागू की है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

स्थानीय विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा द्वारा शहर में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए ली गई पुलिस अधिकारियों की अहम बैठक के कुछ ही घंटों बाद एक खौफनाक वारदात सामने आई। बुधवार देर शाम विश्वनाथ चौराहा रोड पर अस्पताल के पास नाला मोहल्ला निवासी युवक अनिकेत भदौरिया उर्फ पवन को करीब पांच बदमाशों ने घेर लिया।

आरोपियों ने धारदार हथियारों तलवार -चाकू से युवक पर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे उसके सिर, दोनों हाथों और छाती पर गंभीर चोटें आईं। लहूलुहान हालत में युवक को तुरंत निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन छाती पर (हार्ट के पास) लगी घातक चोट के कारण अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक की दो माह की एक बच्ची है। मृतक के परिजनों के अनुसार, कुछ लोगों से पिछले आठ साल से विवाद चल रहा था। आशंका जताई जा रही है कि यह हत्या रेलवे स्टेशन पर खानपान (वेंडर्स) के काम को लेकर हुए हालिया विवाद का नतीजा है।

### पुलिस का प्लान

- अपराधियों को पकड़ने पुलिस और रेलवे की एजेंसियां मिलकर गश्त करेंगी। पूरे क्षेत्र का 'क्राइम मैप' तैयार किया जा रहा है।
- रेलवे स्टेशन और आसपास के क्षेत्रों में वेंडर्स का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य।
- बेवजह घूमने वालों से पूछताछ होगी और देर तक खुली रहने वाली दुकानें समय पर बंद कराई जाएंगी।



**एसपी बोले...** जल्द ही सड़कों पर दिखेगा असर

पुलिस अधीक्षक सांई एस थोटा ने कहा कि सभी संबंधित आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। हमारा मुख्य लक्ष्य आम नागरिकों के मन में सुरक्षा के प्रति दृढ़ विश्वास पैदा करना है। इस नई त्रिस्तरीय कार्ययोजना और पुलिस के सामूहिक प्रयासों का स्पष्ट असर आगामी 8 से 10 दिनों में सड़कों पर दिखाई देने लगेगा।

### अज्ञात से नामजद हुए आरोपी

वारदात के तुरंत बाद इलाके में भारी आक्रोश और तनाव था। टीआई सौरभ पांडेय के नेतृत्व में पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू की और सीसीटीवी फुटेज खंगाले। मृतक के भाई अभिषेक भदौरिया की शिकायत और शुरुआती जांच के बाद पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों की पहचान कर ली। पुलिस ने घेराबंदी कर शुभम यादव उर्फ राजा और हसीब खान उर्फ आसुद्दीन इटारसी को नामजद करते हुए हिरासत में ले लिया। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ और तफ्तीश में यह बात सामने आई है कि इस खौफनाक वारदात को पुरानी रंजिश के चलते ही अंजाम दिया गया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथियारों की बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिए।

## 28 लीटर हाथ भट्टी शराब और 650 कि. महुआ लाहन जब्त

### कार्रवाई के दौरान 4 प्रकरण दर्ज किए गए



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा के परिवहन, विनिर्माण एवं संग्रहण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव प्रसाद द्विवेदी के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा वृत्त औद्योगिक क्षेत्र इटारसी के अंतर्गत ग्राम सोनतलाई, कोठा, बटकुई, ग्वाडी एवं बिछुआ में विशेष अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई की गई।

**प्रकरण बनाए**

कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, के अंतर्गत 4 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। आबकारी दल ने मौके से 28 लीटर हाथ भट्टी मदिरा तथा 650 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद कर जब्त किया। जब्त की गई मदिरा एवं महुआ लाहन की अनुमानित कीमत 70 हजार 600 रुपये आंकी गई है। आबकारी विभाग द्वारा जब्त सामग्री के संबंध में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी आर.पी. अहिरवार सहित आबकारी विभाग का अमला उपस्थित रहा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी तथा दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## नपा ने खुले में वाहन धोने वाले लोगों को जारी किया नोटिस

### नगर पालिका में सीएमओ ने 15 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख द्वारा गुरुवार को जनसुनवाई की गई। इस दौरान उन्होंने 15 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जो भी शिकायतें आती हैं उनका संतुष्टिपूर्ण समाधान करें एवं की गई कार्रवाई से अवगत कराएं। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ वैभव देशमुख के निर्देशन में आज नगरपालिका कार्यालय में जनसुनवाई की गई। जिसमें 15 से अधिक समस्याएं आई और उनका उचित समाधान करने के सीएमओ द्वारा निर्देश जारी किए गए। जनसुनवाई के दौरान फेफरताल स्थित एक कालोनी के गेट पर वाहन धुलाई करने से लोगों को समस्या आ रही है। जिस पर सीएमओ वैभव देशमुख द्वारा स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी को संबंधित को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा वार्ड 11 की महिलाओं द्वारा सड़क एवं नाली निर्माण की शिकायत की गई। जिस पर सीएमओ श्री देशमुख द्वारा उपयंत्री रीना गुप्ता को समस्या का समाधान करने हेतु जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही जनसुनवाई में पीएम आवास, अतिक्रमण, राशन कार्ड समर्पण सहित अन्य समस्याएं आई जिनका तत्काल समाधान किया गया। विगत जनसुनवाई में अपनी समस्याएं लेकर महिमा नगर के निवासियों ने नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ वैभव देशमुख का आभार माना। उन्होंने बताया कि अब हमारे क्षेत्र की नाली सफाई और कचरा वाहन समय पर पहुंचा रहा है।

### 19 को हरिद्वार-ऋषिकेश के लिए रवाना होंगे यात्री

**नर्मदापुरम।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत 19 जुलाई 2026 को हरिद्वार-ऋषिकेश के लिए आयोजित होने वाली तीर्थ यात्रा हेतु जिले से 260 तीर्थयात्रियों का चयन कंप्यूटरीकृत लॉटरी के माध्यम से किया गया है। उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण डॉ. बबीता राठौर ने जिले के सभी जनपद पंचायतों के सीईओ एवं नगर पालिकाओं के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों सीएमओ को निर्देश जारी किए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र के चयनित हितग्राहियों को यात्रा संबंधी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं।

## आवागमन दुरुस्त रखने नपा की कार्रवाई, मार्ग अवरूद्ध करने पर एक ठेला, टप और स्टैंड जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख के निर्देशन में नगरपालिका के अतिक्रमण दल द्वारा प्रतिदिन नगर की यातायात व्यवस्था सुचारू रखने की कार्रवाई की जा रही है। प्रतिदिन नेहरू पार्क से एसपी आफिस चौराहा, पुलिस लाइन के सामने, सतरस्ता, हीरो होण्डा शोरूम के सामने आदि स्थानों का निरीक्षण किया जा रहा है। प्रतिदिन वहां लगने वाले ठेले को मार्ग से हटाकर उन्हें निर्धारित स्थान पर पहुंचाया जा रहा है।



आज दुकानदारों द्वारा गंदगी फैलाने पर करीब 800 रुपए का जुर्माना किया गया। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ वैभव देशमुख द्वारा नगर के दुकानदारों एवं नागरिकों से अपील की है कि नगर में भगवान श्री जगन्नाथजी की रथयात्रा निकल रही है। नगर को साफ सुथरा रखने में नगरपालिका द्वारा चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान में सहयोग करें। नगर को साफ स्वच्छ बनाएं रखें।

## नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण, सड़क-नाली निर्माण का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने गुरुवार को शहर के विभिन्न वार्डों में चल रहे एवं प्रस्तावित विकास कार्यों का निरीक्षण कर निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता और निर्धारित मापदंडों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि विकास निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान नपा अध्यक्ष ने नागरिकों से अपील की कि निर्माण कार्य के दौरान आवश्यक सहयोग प्रदान करें, ताकि विकास कार्य बिना किसी बाधा के समय पर पूरे हो सकें। इसके बाद उन्होंने वार्ड क्रमांक 19 में प्रस्तावित विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण एवं सीमांकन किया। इसमें सरस्वती स्कूल के पास पन्नालाल के मकान से सोनिया के मकान तक 50 मीटर नाली, सरस्वती स्कूल मार्ग से केशव चौरे के मकान तक 50 मीटर नाली तथा सरस्वती स्कूल मुख्य मार्ग से बंडू के मकान तक 90 मीटर सड़क निर्माण के प्रस्तावित कार्यों का मुआयना किया गया।

नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता है और नागरिकों को बेहतर सड़क, नाली एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नपा लगातारकार्य कर रही है। इस अवसर पर पार्षद कुंदन गौर, पार्षद राहुल प्रधान, पार्षद शुभम गौर, रोहित वैशकर, गणपत सिंह, कल्लू मंडराई, गोपाल शर्मा तथा नगर पालिका के इंजीनियर सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सरकार की नीतियों से नाराज किसानों ने किया जोरदार प्रदर्शन

### भाकिसं ने दी चेतावनी... सरकार द्वारा मांगें नहीं मानी गईं तो तेज किया जाएगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम में समर्थन मूल्य पर 100% मूंग खरीदी, ई-टोकन व्यवस्था खत्म करने और 10 घंटे निर्बाध बिजली की मांग को लेकर किसानों का आंदोलन गुरुवार को और उग्र हो गया। भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने कमिश्नर कार्यालय का घेराव कर दिया। किसान कार्यालय के मुख्य गेट के सामने और नर्मदापुरम-पिपरिया स्टेट हाईवे पर बैठ गए, जिससे मार्ग पर यातायात प्रभावित हो गया। प्रशासन ने मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर बैरिकेडिंग कर दी है।भारतीय किसान संघ का आंदोलन पिछले 11 दिनों से जारी रहा। इस दौरान यज्ञ, जल सत्याग्रह, भिक्षा मांगने, थाली बजाने और अर्धनग्न प्रदर्शन जैसे कई चरणों के बाद गुरुवार को किसान महाघेराव के लिए बड़ी संख्या में नर्मदापुरम पहुंचे। सुबह 11 बजे पीपल चौक पर धरना शुरू हुआ, जिसके बाद किसान रैली के रूप में कमिश्नर कार्यालय पहुंचे और मुख्य गेट के सामने धरने पर बैठ गए।

कमिश्नर कार्यालय के बाहर किसानों की भीड़ बढ़ने के साथ ही प्रदर्शनकारी नर्मदापुरम-पिपरिया स्टेट हाईवे पर भी बैठ गए। इससे मार्ग पर यातायात बाधित हो गया। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने पूरे क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी है। कमिश्नर श्रीकांत बनोट को ज्ञापन के साथ ही धरना कुछ दिन के लिए स्थगित कर दिया गया।

किसानों की मुख्य मांग है कि बिना किसी सीमा के समर्थन मूल्य पर पूरी मूंग खरीदी जाए। इसके अलावा ई-टोकन व्यवस्था समाप्त कर खाद वितरण और पंजीयन प्रक्रिया को सरल बनाया जाए तथा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन 10 घंटे निर्बाध बिजली उपलब्ध कराई जाए। वहीं किसानों का कहना था कि किसान अब तक शांतिपूर्ण तरीके से कई तरह के प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन सरकार ने कोई ठोस निर्णय नहीं लिया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### गायत्री यज्ञ का आयोजन सम्पन्न

**नर्मदापुरम।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, नर्मदापुरम द्वारा संचालित 24 हजार गायत्री मंत्र जाप एवं एक कुण्डीय गायत्री यज्ञ की श्रृंखला का 9वाँ आयोजन गुरुवार को मोहित नगर स्थित सी.एम. पटेल के निवास पर श्रद्धा एवं भक्ति के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के परिजनों के साथ-साथ मोहल्ले के अनेक श्रद्धालुओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सामूहिक रूप से गायत्री मंत्र जाप किया तथा यज्ञ में गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र एवं अन्य वैदिक मंत्रों के साथ आहुतियाँ अर्पित कीं। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी परिजनों ने सी.एम. पटेल एवं उनके परिवार का पुष्पवर्षा कर सम्मान किया गया।

## पॉश कॉलोनी में बेखौफ घूमते रहे चोर, दो मकानों में की चोरी, दीवार फांद कर भागे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में एक बार फिर चोरी की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। चोर अब शहर की रिहायशी कालोनियों को अपना निशाना बना रहे हैं। चोरों पर अंकुश लगाने अब सुरक्षा उपकरण भी नाकाफी नजा आ रहे हैं। ऐंसा ही एक चोरी का मामला सामने आया जब शहर की हरदा बायपास स्थित साईं दर्शन कॉलोनी में गुरुवार देर रात चार नकाबपोश चोरों ने करीब आधे घंटे तक बेखौफ होकर उत्पात मचाया। चोरों ने कॉलोनी के दो सूने मकानों के ताले तोड़कर चोरी का प्रयास किया और वारदात के बाद बाउंड्रीवाल फांदकर खेतों के रास्ते फरार हो गए। पूरी घटना कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। इस घटना के बाद क्षेत्र के रहवासियों में दहशत का माहौल है और पुलिस की रात्रि गश्त पर भी सवाल उठने लगे हैं।



### तलाश जारी

देहात थाना प्रभारी ऊषा मरावी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है।

### आराम से करते रहे घरों की रैकी

प्रत्यक्षदर्शियों और सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, चारों चोर देर रात कॉलोनी में दाखिल हुए और करीब 30 मिनट तक बिना किसी डर के अलग-अलग मकानों की रेकी करते रहे। इस दौरान उन्होंने दो सूने मकानों को निशाना बनाया और उनके ताले तोड़कर अंदर प्रवेश किया। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी कॉलोनी की बाउंड्रीवाल फांदकर पास के खेतों में भाग निकले।

### दो मकानों में की चोरी, पुलिस जांच में जुटी

चोरों ने जिन मकानों को निशाना बनाया, उनमें एक शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त लैब असिस्टेंट बीएम लोवंशी का और दूसरा शुभम दुबे का मकान है। घटना के समय दोनों मकान बंद थे, जिसका फायदा उठाकर चोर अंदर घुस गए। वहीं शहर की अग्रवाल एग्जिटिका कॉलोनी में भी एक मकान को चोरों ने निशाना बनाया है। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपियों के हाथ कितना सामान लगा और क्या-क्या चोरी हुआ। घटना की सूचना मिलते ही गुरुवार रात गश्त पर मौजूद एएसआई लक्ष्मण अमोले पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

### सीसीटीवी में दिखी चोरों की हरकत

कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों में चारों आरोपी स्पष्ट रूप से दिखाई दिए हैं। वीडियो में एक चोर मकान के बाहर रखी कुर्सी उठाकर ले जाता है और उसे बाउंड्रीवाल के पास रखकर उसी की मदद से दीवार फांदकर फरार हो जाता है। घटना के बाद खेतों में आरोपियों के पैरों के निशान भी मिले हैं, जिन्हें पुलिस ने जांच के दौरान देखा।

### संभागायुक्त ने विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

## समयबद्ध कार्य संस्कृति अपनाएं, विकास कार्यों में न हो कोई ढिलाई, समय पर मिले योजनाओं का लाभः आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम संभागायुक्त श्रीकांत बनोठ की अध्यक्षता में गुरुवार को आयुक्त कार्यालय नर्मदापुरम संभाग के सभाकक्ष में संभागीय एवं जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास, जनजाति कार्य, शिक्षा, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम, नगरीय विकास एवं आवास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की योजनाओं, अभियानों एवं विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।



बैठक में संभागायुक्त श्री बनोठ ने सभी विभागों को शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को योजनाओं का लाभ समय पर मिले तथा प्रत्येक विभाग अपने लक्ष्यों की नियमित मॉनिटरिंग करे। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान संभागायुक्त ने अनमोल पोर्टल में पंजीयन की संख्या अपेक्षा से कम पाए जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए एक सप्ताह के भीतर उल्लेखनीय प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा में उन्होंने नल-जल योजनाओं का हैंडओवर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के संयुक्त निरीक्षण के बाद ही किए जाने के निर्देश दिए, ताकि कार्यों की गुणवत्ता एवं उपयोगिता सुनिश्चित हो सके। श्रम विभाग की समीक्षा के दौरान निर्माणाधीन भवनों के निरीक्षण की संख्या कम पाए जाने पर संभागायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर निरीक्षण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी लंबित राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**खबर संक्षेप**

## समाजसेवी कमल महतो का आकस्मिक निधन



**बैतूल/शाहपुर।** स्व. रामकिशोरजी महतो के ज्येष्ठ सुपुत्र, सुरेन्द्र कुमार महतो के भतीजे तथा रामचंद्र, अमित, रजनीश महतो के बड़े भाई 73 वर्षीय समाजसेवी कमल जी महतो का गुरूवार की सुबह दुखद निधन हो गया है। वे अपने पीछे धर्मपत्नी रेखा महतो, सुपुत्र शिवम महतो एवं तीन सुपुत्रियां-दामाद सहित नाती-पोतों से भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा आज शुक्रवार की सुबह 9 बजे, उनके निज निवास महतो भवन, परदेशीपुरा शाहपुर से चिखलदा घाट मोक्षधाम शाहपुर के लिए निकाली जाएगी। समाजसेवी स्व. कमल महतो के आकस्मिक निधन पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक बंधुओं, गणमान्य नागरिकों, ईष्टमित्रों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार को इस दुखद घड़ी को सहन करने की शक्ति ईश्वर से प्रदान करने की कामना की है।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर

**बैतूल।** भारत भारती फोरलेन पर गुरुवार सुबह तेज रफ्तार कार ने एक बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 60 वर्षीय महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उसके पति समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार चिखली रैयत निवासी सकून यादव, उनके पति सदाराम यादव और कमलेश यादव खाटू श्याम जाने के लिए बैतूल रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। किसी कारणवश उनकी यात्रा नहीं हो सकी और तीनों एक ही बाइक से गांव लौट रहे थे।

### समर्थन मूल्य में 110 किसानों से खरीदी 516 क्विंटल मूंग

# 2579 किसानों ने कराया पंजीयन 298 लोगों ने कराए स्लॉट बुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द की सरकारी खरीदी 1 जुलाई से शुरू हो चुकी है। मूंग बेचने के लिए 2569 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है, जबकि 298 किसानों ने स्लॉट बुक किये है। इन किसानों में से 110 किसानों ने 516 क्विंटल मूंग समर्थन मूल्य पर बेची है। जिले में इस बार मूंग बेचने के लिए 2579 किसानों 4355 हेक्टेयर के लिए पंजीयन कराया है। कृषि विभाग के अनुसार जिले में करीब 15,435 हेक्टेयर क्षेत्र में मूंग की बोवनी हुई है, जिससे लगभग 9,261 मीट्रिक टन उत्पादन का अनुमान है। वहीं उड़द की फसल 214 हेक्टेयर में बोई गई है और करीब 128 मीट्रिक टन उत्पादन होने की संभावना है। लेकिन लंबे समय तक समर्थन मूल्य में खरीदी शुरू नहीं होने से किसान उपज को मंडी में बेच रहे थे, जहां किसानों को पांच से छह हजार रूपये प्रति क्विंटल मूंग बेचना पड़ रहा था। लेकिन अब सरकार द्वारा समर्थन मूल्य में मूंग-उड़द खरीदी शुरू किये जाने से किसानों में खुशी है, क्योंकि समर्थन मूल्य में सरकार ने मूंग के दाम 8768 रुपए प्रति क्विंटल तय किया है। ऐसे में किसान समर्थन मूल्य में मूंग बेचते है तो उन्हें प्रति क्विंटल 1500 से 2 हजार रूपये प्रति क्विंटल का मुनाफा होगा। यहीं वजह है कि इस बार किसानों ने मूंग बेचने के लिए बड़े पैमाने पर पंजीयन कराया है।

### पिछले साल 5153 किसानों ने कराया था पंजीयन

पिछले साल जिले में समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी की गई थी। इस दौरान मूंग बेचने के लिए 5153 किसानों ने पंजीयन कराया था, जिसमें से 4394 किसानों ने



12887 एमटी (मैट्रिक टन) मूंग बेची थी। हालांकि इस बार कम किसानों ने पंजीयन कराया है। इस साल मूंग के लिए पंजीयन कराने वाले किसानों की संख्या मात्र 2579 है। प्रशासन का कहना है कि केवल उन्हीं किसानों की उपज खरीदी जाएगी, जिनका सत्यापन पोर्टल पर पूर्ण हो चुका होगा। हालांकि इस बार किसानों की सुविधा के लिए प्रशासन ने रानीपुर स्थित गायत्री वेयरहाउस को नया खरीदी केंद्र बनाया है। इधर कृषि विभाग के अधिकारी भी लगातार खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं, ताकि किसानों को उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### जिले में मूंग खरीदी के लिए बनाये 13 केन्द्र

जिले में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी के लिए 13 केन्द्र बनाये है। इन केन्द्रों में गायत्री वेयर हाउस रानीपुर, मधुरीना वेयर हाउस जीन, शिव सरोजनी वेयर हाउस बैतूल, श्रीराम वेयर हाउस सोहागपुर, वैगवन चंडी वेयर हाउस जीन, विनायकम वेयर हाउस आठवां मिल, बालाजी वेयर हाउस सूखाढाना, तिरूपति वेयर हाउस जुवाड़ी, गुप्ता लाजिस्टी वेयर हाउस सिलपाटी शाहपुर, सुरभि वेयर हाउस शाहपुर, जगदंबे वेयर हाउस आठनेर, रामा वेयर हाउस हिडली और किलेदार वेयर हाउस भैंसदेही को खरीदी केन्द्र बनाया है। इस साल किसानों की सुविधा के लिए प्रशासन ने रानीपुर स्थित गायत्री वेयरहाउस को नया खरीदी केंद्र बनाया है।

### इनका कहना है

अभी तक 110 किसानों से 516 क्विंटल मूंग की खरीदी की जा चुकी है। समर्थन मूल्य पर खरीदी अगामी 10 अगस्त तक चलेगी। अभी खरीफ सीजन की बोवनी का कार्य चल रहा है, इसलिए किसान खरीदी केंद्रों तक नहीं पहुंच रहें हैं। बुआई कार्य के बाद उम्मीद है कि किसान उपज लेकर केन्द्र पहुंचने लगेंगे।

- रामगोपाल रजक,
उप संचालक, कृषि विभाग जिला बैतूल

### किसानों की मांग खरीदी की सीमा बढ़ाएं

किसानों का कहना है कि इस बार उत्पादन अच्छा है, इसलिए खरीदी की सीमा बढ़ाकर अधिक मात्रा में उपज समर्थन मूल्य पर खरीदी जानी चाहिए। इस वर्ष शासन ने मूंग का समर्थन मूल्य 8,768 रुपये प्रति क्विंटल तथा उड़द का 7,800 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। हालांकि कई किसान गिरदावरी पोर्टल पर रिकॉर्ड अपडेट नहीं होने से उड़द के पंजीयन से वंचित रह गए। पंजीयन 25 मई से 15 जून तक किया गया था। हालांकि अभी समर्थन मूल्य पर मूंग बेचने के लिए किसानों के केन्द्र नहीं पहुंचने के पीछे का एक कारण यह भी है कि किसान खरीफ फसल की बुआई में जुटे है। जैसे ही किसान बुआई के कार्य पूर्ण कर लेगे, किसानों का मूंग लेकर खरीदी केन्द्र पहुंचना शुरू हो जायेगा। जिससे खरीदी को रफ्तार मिलेगी।

### 10 अगस्त तक चलेगी खरीदी

1 जुलाई से शुरू हुई समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी 10 अगस्त तक चलेगी। हालांकि किसानों ने मूंग की उपज बेचने के लिए पंजीयन करवा लिया है। किसान स्लॉट भी बुक करा रहे है। जिन किसानों ने स्लॉट बुक किए हैं, आने वाले दिनों में उपज लेकर केंद्रों पर पहुंचने की उम्मीद है। कृषि अधिकारियों का कहना है कि मानसून के दौरान नमी होने पर रिजेक्शन के खतरे से बचने किसान अपनी उपज को अच्छी तरह सुखाकर और साफ करके ही केंद्र पर ले जाएं। खरीदी केंद्र पर जाते समय अपना पंजीयन नंबर, आधार कार्ड, बैंक पासबुक और मोबाइल (ओटीपी के लिए) साथ रखना न भूलें। किसान स्लॉट बुक कराने के बाद ही मूंग लेकर केन्द्र पहुंचे, ताकि उन्हें परेशानियों का सामना न करना पड़े।

### मामले में अब तक सात आरोपी गिरफ्तार

## पानी पिलाने के विवाद में हत्या चार और आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल/ भैसदेही

भैसदेही थाना पुलिस ने ग्राम जूनापानी में पानी पिलाने को लेकर हुए विवाद के बाद युवक की हत्या के मामले में फरार चल रहे चार और आरोपियों को गुरुवार को गिरफ्तार किया है। इस प्रकरण में अब तक कुल सात आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इससे पहले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था। पुलिस के अनुसार, यह घटना 21 जून 2026 को हुई थी। मरामझिरी निवासी प्रवीण मरकाम अपने परिवार के साथ बड़े बेटे विशाल मरकाम की ससुराल ग्राम जूनापानी बहू को लेने गए थे। इसी दौरान पानी पिलाने की बात पर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते यह कहासुनी मारपीट में बदल गई। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने प्रवीण मरकाम के परिवार के साथ लात-घूंसों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस घटना में प्रवीण मरकाम का 25 वर्षीय बेटा आकाश मरकाम गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने पहले दर्ज मारपीट के प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) (हत्या) जोड़ दी। पुलिस ने बताया कि घटना का मूल कारण पानी पिलाने को लेकर शुरू हुआ विवाद था, जो हिंसक झगड़े में बदल गया। पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे एवं एसडीओपी भैसदेही भूपेन्द्र सिंह मौर्य के मार्गदर्शन में फरार आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इसी अभियान के तहत पुलिस ने चार और आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में रवि वाडिवा (38), बुद्धेसिंह वाडिवा (57), अनीता वाडिवा (39) निवासी ग्राम जूनापानी तथा वैष्णवी मरकाम (21) निवासी मरामझिरी (हाल निवासी जूनापानी) शामिल हैं। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

## जानलेवा हमला करने वाले चार आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

**बैतूल।** जानलेवा हमला करने वाले चार आरोपियो को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में विशेष न्यायालय अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम जिला बैतूल के न्यायाधीश रईस खान साहब ने ग्राम गौला के आरोपीगण मुकेश गावडे पिता सुदामा गांवडे, अजय गावंडे पिता सुदामा गांवडे, अंतीम गावंडे पिता सुदामा गांवडे, राजकुमार पिता बुधु मालवीय को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया है। घटना के दिन 2 अप्रैल 2022 को रात्रि 9 बजे फरियादी संजय झारखंडे अपनी पत्नी बच्चे के साथ पूजा करने के लिए जा रहा था। गांव के चौक के पास से नारियल खरीदने के लिए रुका, तो गौला के आरोपी मुकेश और अजय जातिगत गाली देकर पुराने केस में समझौता करने को कहने लगे, जब फरियादी ने मना किया। तो इस बात से नाराज होकर दोनों आरोपी ने लात-घूसों से मारपीट करना शुरू कर दिया। दो आरोपी अंतिम, राजकुमार भी घटना स्थल पर आ गए और चारों आरोपियों ने संजय और उसकी पत्नी के साथ गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे। आरोपी मुकेश ने चाकू निकालकर फरियादी संजय के पेट में और कंधे पर मारा। उसकी पत्नी मनजु बचाने आई, तो उस पर भी चाकू से वार किया। जिससे उसको जांघ और हाथ की अंगुली पर चोट आई।

## नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत पोदार स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम

### पुलिस ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई




मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत मुलताई पुलिस ने अमरावती रोड स्थित पोदार लर्न स्कूल में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा उन्हें नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में थाना प्रभारी विकास पटेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, भविष्य और पूरे समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने बताया कि नशे की लत कई सामाजिक और आपराधिक घटनाओं का प्रमुख कारण बनती है। विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने के साथ-साथ अपने परिवार, मित्रों एवं आसपास के लोगों को भी नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।इस दौरान विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि जागरूक युवा ही स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध समाज की नींव रख सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने एवं समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पोदार लर्न स्कूल की प्राचार्य तनवी सव्वाशेरे ने मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति जागरूकता अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं। यदि उन्हें शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक बुराइयों और उनके दुष्परिणामों की सही जानकारी मिलेगी, तो वे भविष्य में इन कुरीतियों से स्वयं भी दूर रहेंगे और समाज को भी जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालयों तक पहुंचकर पुलिस द्वारा विद्यार्थियों को नशामुक्ति का संदेश देना एक सराहनीय एवं प्रेरणादायी पहल है। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों से किसी भी प्रकार की नशे से संबंधित गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने तथा जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक की भूमिका निभाने की अपील भी की। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक देवेंद्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी विकास पटेल, आरक्षक अरविंद पटेल, विवेक चौरे, विद्यालय का समस्त स्टाफ तथा पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नशे के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जनसहभागिता के माध्यम से नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश देना रहा।

### 18 किमी पैदल चलकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को बताई आपबीती

## छात्रावास अधीक्षक पर शराब पीकर पिटाई करने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जनजातीय कार्य विभाग के छात्रावास में अधीक्षक पर गंभीर आरोप छात्रों ने लगाए हैं। इन्हीं आरोपों को लेकर पीएमश्री हायर सेकेंडरी स्कूल पाढर के छात्रावास के लगभग 33 छात्र आज पाढर से बैतूल पैदल पहुंचे और कलेक्टर से मुलाकात कर अधीक्षक पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि अधीक्षक शराब पीकर छात्रावास में आते हैं और बेवजह पीटते हैं। इसके अलावा यह भी आरोप है कि जो छात्र लेट आते हैं उनसे रुपए की मांग की जाती है और कुछ से मुर्गा भी मांगा जाता है। इस मामले में कलेक्टर ने जांच कमेटी गठित कर तीन दिन के अंदर पूरे मामले की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल पाढर के छात्रावास के 33 छात्र आज 18 किलोमीटर पैदल चलकर कलेक्ट्रेट पहुंच गए। कक्षा 10वीं, 11वीं और 12 वीं के ये छात्र छात्रावास की समस्याओं को लेकर कलेक्टर से मिलने की मांग पर अडे हुए थे। कलेक्ट्रेट परिसर में एसडीएम और तहसीलदार ने छात्रों से बात करने का प्रयास किया। उन्होंने करीब एक घंटे तक जमीन पर बैठकर छात्रों को समझाने और उनकी समस्या जानने की कोशिश की, लेकिन छात्रों ने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। छात्रों का कहना था कि वे अपनी बात केवल कलेक्टर के सामने ही रखेंगे। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने भी छात्रों से चर्चा कर उनकी समस्या जानने का प्रयास किया, लेकिन छात्रों ने उन्हें भी कोई जानकारी नहीं दी।

### छात्रों ने यह लगाए आरोप

विशाल मर्सकोले और नैतिक धुर्वे नाम के छात्र ने आरोप लगाया है कि अधीक्षक शराब पीकर आते हैं और छात्रों को बिना वजह पीटते हैं। नैतिक धुर्वे का आरोप है कि कोई छात्र लेट आता है तो उससे रुपए और मुर्गा मांगा जाता है। विशाल मर्सकोले का कहना है कि शराब पीकर आते हैं, पिटाई करते हैं, पानी की समस्या है। मुर्गा और पैसा मांगता है।

### मामले की करवाई जाएगी जांच

कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे का कहना है कि छात्रावास के कुछ बच्चे सुबह आए थे और उनकी छात्रावास प्रबंधन को लेकर शिकायतें और समस्याएं थीं। इन छात्रों से विस्तृत चर्चा करने के बाद बच्चों ने जो समस्याएं रखी हैं उसकी जांच एसडीएम की अध्यक्षता में बनाई गई कमेटी के द्वारा कराई जाएगी और जांच प्रतिवेदन तीन दिनों के अंदर मांगा गया है। इसके अलावा कुछ बच्चों की भी शिकायत अनुशासनहीनता को लेकर आई थी। इन बच्चों को भी समझाईश दी गई है।



### कलेक्टर को बताई आपबीती

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल पाढर छात्रावास के अधीक्षक सिरसाम सिंह परते को कलेक्ट्रेट बुलाया गया। छात्रों ने अधीक्षक के सामने भी अपनी शिकायतें बताने से इनकार कर दिया। इसके बाद कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे मौके पर पहुंचे। उन्होंने चैंबर में बच्चों से मुलाकात की। अधीक्षक के खिलाफ शिकायतें सुनीं। स्टूडेंट्स ने कहा कि अब या तो हॉस्टल में वह रहेंगे या हम रहेंगे। अगर उन्हें हटाया नहीं जाता तो हम अपने घर चले जाएंगे। इसके बाद कलेक्टर ने जांच के लिए कमेटी बना दी। तीन दिन में जांच रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा गया है। तब तक अधीक्षक को पाढर हॉस्टल से हटा दिया गया है।

### कपड़े धुलवाने, पैसे मांगने का आरोप

स्टूडेंट्स के मुताबिक उनकी नाराजगी अधीक्षक के व्यवहार को लेकर हैं। आरोप है कि अधीक्षक छात्रों के साथ मारपीट करते हैं, उनसे अपने निजी कपडे धुलवाते हैं और छात्रावास से अनुपस्थित रहने पर उनसे पैसे भी मांगते हैं। इन्हीं आरोपों के कारण छात्र सामूहिक रूप से कलेक्ट्रेट पहुंचे। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले सहवाग नाम का छात्र हॉस्टल में खेलने के लिए एक बॉल लाया था। लेकिन वह बाल गुम हो गई। बुधवार को यह बॉल अधीक्षक के बच्चों के पास देखी गई, जिसे छात्रों ने वापस मांगा तो एक पुरानी और टूटी बाल दे दी गई। छात्रों ने इसका विरोध किया तो अधीक्षक ने सहवाग को पीट दिया। इससे नाराज होकर अधीक्षक के खिलाफ लामबन्द होकर छात्र हॉस्टल से निकल गए और 18 किमी पैदल चलकर बैतूल कलेक्ट्रेट पहुंचे।

## जीआरपी ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से कराया अवगत

### विद्यालय में नशामुक्त समाज के निर्माण का दिया संदेश




**बैतूल।** युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने और नशामुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से गुरुवार को श्री अग्रसेन महाराज विद्यालय, गंज बैतूल में जीआरपी द्वारा देशव्यापी नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए स्वस्थ, अनुशासित और नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यशाला में जीआरपी के अधिकारियों एवं जवानों ने विद्यार्थियों को बताया कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। अधिकारियों ने कहा कि नशा मुक्त युवा ही सशक्त भारत की पहचान है और देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए युवाओं का नशे से दूर रहना आवश्यक है। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर, प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राए उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय परिवार ने जीआरपी के अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के जनजागरूकता कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ ही युवाओं को सही दिशा देने में अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक हैं।

### पुष्पवर्षा के बीच नगर भ्रमण कर ताप्ती तट स्थित जगदीश मंदिर पहुंचे भगवान

# भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पवित्र नगरी मुलताई में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ निकाली गई। ताप्ती तट स्थित जगदीश मंदिर से भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ सुसज्जित रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण के लिए निकले। रथयात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव से भगवान के रथ को खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया। वहीं अनेक श्रद्धालुओं ने पारंपरिक मान्यता के अनुसार रथ के नीचे से निकलकर सुख-समृद्धि, मंगल और असीम पुण्य की कामना की। रथयात्रा प्रारंभ होने से पूर्व जगदीश मंदिर में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा की विशेष पूजा-अर्चना एवं महाआरती की गई। वैदिक मंत्रोच्चार और जय जगन्नाथ के उद्घोष के बीच श्रद्धालुओं ने रथ की रस्सियां थामकर यात्रा का शुभारंभ किया। पूरे मार्ग में भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। रथयात्रा ताप्ती तट स्थित जगदीश मंदिर से प्रारंभ होकर जयस्तंभ चौक, फव्वारा चौक, गांधी चौक एवं थाना रोड होते हुए पुनः जगदीश मंदिर पहुँची। यात्रा मार्ग में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों तथा श्रद्धालुओं द्वारा भगवान जगन्नाथ का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। संपूर्ण नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। रथयात्रा के मंदिर लौटने पर विधि-विधान के साथ समापन पूजन संपन्न हुआ। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के लिए भंडारा एवं प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### लगभग 15 वर्षों से निरंतर निकल रही है रथयात्रा

आयोजन से जुड़े मोनू खंडेलवाल ने बताया कि पुरी की विश्वविख्यात श्री जगन्नाथ रथयात्रा की तर्ज पर मुलताई में जगदीश मंदिर खंडेलवाल समाज ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष इस भव्य आयोजन का आयोजन किया जाता है। ट्रस्ट के अध्यक्ष बृजकिशोर खंडेलवाल के नेतृत्व तथा समाज के सहयोग से यह परंपरा निरंतर आगे बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान स्वरूप में पिछले लगभग 15 वर्षों से जगदीश मंदिर से लगातार रथयात्रा निकाली जा रही है। हालांकि मुलताई में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा की परंपरा इससे भी कहीं अधिक प्राचीन मानी जाती है। बीच के कुछ वर्षों में यह परंपरा बाधित रही, लेकिन पिछले डेढ़ दशक से इसका आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है।



### हर वर्ष बढ़ रहा है श्रद्धालुओं का उत्साह

मोनू खंडेलवाल ने बताया कि समय के साथ भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का स्वरूप लगातार भव्य होता जा रहा है। अब इस आयोजन में केवल खंडेलवाल समाज ही नहीं, बल्कि नगर के सभी समाजों एवं वर्गों के लोग बढ़-चढक़र सहभागिता निभा रहे हैं। श्रद्धालु पूरे वर्ष इस पावन रथयात्रा की प्रतीक्षा करते हैं और अपनी श्रद्धा एवं सामर्थ्य के अनुसार भगवान जगन्नाथ की सेवा एवं स्वागत की तैयारियों में जुट जाते हैं। रथयात्रा को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा यातायात और सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पूरे यात्रा मार्ग पर पुलिस बल तैनात रहा, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## खबर संक्षेप

### पुलिस का अभियान जारी नशा मुक्ति का दिया संदेश



**नर्मदापुरम।** माखन नगर 15- जुलाई से 30 जुलाई तक मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान नशा से है दुरी अभियान के अंतर्गत गुरुवार को थाना माखन नगर पुलिस द्वारा क्षेत्र के बस स्टैंड पर नगर के आम नागरिकों से नशा मुक्ति को लेकर संदेश दिया गया आम नागरिकों से अपील की गई कि नशा हमारे समाज के लिए बहुत ही बुरी कुरीति है जिसे हम सबको दूर रहना चाहिए जिसको लेकर के आम नागरिकों को समझाइए दी गई पुलिस टीम के साथ नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे 1

### महाविद्यालय में नशा मुक्ति की शपथ ली

जावर। जावर नगर सीहोर में शासकीय महाविद्यालय जावर नगर में नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। साथ ही युवाओं में नशे के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से ड्रग अवेयरनेस रन का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ, सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

## नगर कांग्रेस कमेटी ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन, तत्काल कार्रवाई की मांग

# बढ़ते अपराधों पर लगे अंकुश, कांग्रेस नेताओं पर दर्ज शिकायतों की हो जांच

नगर कांग्रेस कमेटी इटारसी द्वारा गुरुवार को पुलिस अधीक्षक को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपकर नगर में बढ रही आपराधिक घटनाओं को रोकने की मांग की है, ताकि आम नागरिक भयमुक्त होकर रह सकें।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर कांग्रेस कमेटी इटारसी द्वारा गुरुवार को पुलिस अधीक्षक को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपकर शहर में लगातार बढ़ रही चाकूबाजी, हत्या, असामाजिक तत्वों की सक्रियता तथा कांग्रेस महासचिव राजकुमार उपाध्याय एवं अमोल उपाध्याय पर दर्ज एफआईआर की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई।

### न्यायपूर्ण कार्रवाई हो सुनिश्चित

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि अपराधों पर समय रहते प्रभावी नियंत्रण नहीं किया गया तो आम नागरिकों का पुलिस प्रशासन पर से विश्वास कमजोर होगा। ज्ञापन में पुलिस अधीक्षक से मांग की गई कि शहर में बढ़ते अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जाए, चाकूबाजी की घटनाओं में शामिल अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो, पुलिस गश्त बढ़ाई जाए तथा कांग्रेस नेताओं पर दर्ज प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर न्यायपूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### होगा व्यापक आंदोलन, कन्हैया गोस्वामी

कन्हैया गोस्वामी ने कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य केवल राजनीतिक विरोध करना नहीं, बल्कि शहर के नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित कराना है। यदि अपराधों पर समय रहते अंकुश नहीं लगाया गया तो नगर कांग्रेस जनहित में व्यापक जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

### बना रहे कानून का विश्वास

जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी ने कहा कि इटारसी जैसे महत्वपूर्ण शहर में लगातार बढ़ती आपराधिक घटनाएं पुलिस व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करती हैं। प्रशासन का दायित्व है कि प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराए। अपराधियों के विरुद्ध बिना किसी दबाव या भेदभाव के कठोर कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि आमजन का कानून पर विश्वास बना रहे।

### कांग्रेस नेताओं पर किए झूठे प्रकरण दर्ज

पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष पंकज राठौर ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार के दबाव में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं पर झूठे और राजनीतिक द्वेष से प्रेरित प्रकरण दर्ज किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महासचिव राजकुमार उपाध्याय एवं अमोल उपाध्याय पर दर्ज एफआईआर बिना निष्पक्ष जांच के की गई है। यदि किसी भी मामले की निष्पक्ष जांच की जाए तो सत्य स्वतः सामने आ जाएगा। उन्होंने मांग की कि पूरे प्रकरण की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर ही कार्रवाई की जाए तथा निर्दोष लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए।

ज्ञापन में पुलिस अधीक्षक से मांग की गई कि शहर में बढ़ते अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जाए, चाकूबाजी की घटनाओं में शामिल अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो, पुलिस गश्त बढ़ाई जाए तथा कांग्रेस नेताओं पर दर्ज प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर न्यायपूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## सरपंच संघ ने वंचित हितग्राहियों के हित में विधायक को ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की आसपास की लगभग सभी ग्राम पंचायतों में नवीन सर्वे सूची में शामिल लगभग 10 हजार हितग्राहियों पात्रता रखने वाले लोगों के नाम सरपंच सचिव रोजगार सहायक के द्वारा जोड़े गए थे। तथा वर्ष 2024/ 2025/ 2026की आवास योजना में पात्र हितग्राहियों के नाम जोड़े गए थे। लेकिन अभी वर्तमान में सामने आया कि स्थाई प्रतिक्षा सूची प्रदान की है उसमें से प्रत्येक पंचायत में 10 नाम लेकर 400काट दिए गए हैं। आवासीय योजना शाखा प्रभारी शशि सायलवार सूची जारी करने के बाद से लापता है। एसी स्थिति में पात्रता रखने वाले लोगों को भी वंचित रखा जा रहा है, नाम कांटे हैं। । ज्ञापन लेखापाल आर एल सिंह को सौंप दिया गया। तथा जनपद मेंविधायक ठाकुर दास नागवंशी को भी अवगत कराया गया। इस दौरान पनारी सरपंच प्रीतम सिंह ठाकुर मटकुली सरपंच नेहा धुर्वे पिसुआ सरपंच सहित अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में आसवासन दिया गया है। तहसीलदार वैभव बैरागी सहित अन्य सभी को आवेदन किया गया।

### गुरुदेव शिक्षा व समाज सेवा समिति ने किया पौधरोपण



**माखननगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति विकासखंड माखन नगर जिला नर्मदापुरम ने सेक्टर क्रमांक 04 के ग्राम गूजरवाड़ा में विकासखंड समन्वयक श्रीमती सुखवती वर्मा के मार्गदर्शन में विभिन्न विषयों की जानकारी दी। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक श्रीमती सुखवती वर्मा , नवांकुर संस्था प्रमुख नीतिराज सिंह यादव, पूर्व जनपद सदस्य धरमदास साधराम, सुरेंद्र सिंह राजपूत, रामदास यादव, गेंदालाल यादव, चंद्रभान यादव, सुमित यादव, सतीश यादव, शुभम यादव, नीतेश यादव तथा प्रस्फुटन समिति गूजरवाड़ा के सदस्य उपस्थित रहे।

## विधायक ने लोकार्पित किया शासकीय कन्या शाला में अतिरिक्त भवन, विद्यार्थियों को वितरित की साइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नगर में स्थित शासकीय कन्या शाला में गुरुवार को अतिरिक्त कक्ष लोकार्पण कार्यक्रम विधायक विजयपाल सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस दौरान विधायक विजयपाल सिंह ने छात्राओं को साइकिल भी वितरित कीं। विधायक ने सभी विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। शाला प्राचार्या सुनीता गढ़वाल ने बताया कि गुरुवार को कन्या शाला स्कूल सोहागपुर में अतिरिक्त भवन के लोकार्पण एवं छात्राओं को साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 61.73 लाख रुपए लागत से बने अतिरिक्त भवन का लोकार्पण किया गया। वहीं 25 छात्राओं को साइकिलों का वितरण भी किया गया है। शाला परिवार से



प्राप्त जानकारी अनुसार विद्यालय की 101 छात्राएं साइकिल वितरण के लिए पात्र हैं। जिनमें से कार्यक्रम में 25 छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई हैं। इस दौरान विधायक विजयपाल सिंह, नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, भाजपा सोहागपुर मंडल प्रतिनिधि विजय नन्नू छाबड़िया, मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल, पार्षद गौरव पालीवाल, गोलू अग्रवाल, नीरज यादव, यश खंडेलवाल, घनश्याम रघुवंशी, ऋषभ गढ़वाल, बीईओ राकेश उईके, बीआरसी राकेश रघुवंशी सहित स्कूल से शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### एक वर्ष में शेष कार्य भी पूर्ण होगा

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को



संबोधित करते हुए सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने कहा कि शासकीय कन्या शाला में अभी भी कुछ कार्य होना शेष है। भवन का कुछ हिस्सा कबेलू वाला है। एक वर्ष में यहां भी नया भवन बनेगा। उन्होंने कहा कि सभी खूब मेहनत करें तथा सफलता के नव आयाम स्थापित करें। ताकि सोहागपुर क्षेत्र का नाम रोशन हो सके। उन्होंने विद्यार्थियों से विद्यार्थी जीवन एवं कैरियर जीवन में अनुशासन के साथ व्यवहार करने की अपील की है।

### एनसीसी में भर्ती, 25 कैडेट्स का किया चयन

**पचमढ़ी।** स्थानीय सांदीपनि विद्यालय में सत्र 2026-2027 के लिए एनसीसी (**NCC**) कैडेट्स की भर्ती प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह भर्ती 13 म.प्र. एनसीसी बटालियन नर्मदापुरम के कमान अधिकारी कर्नल एस.पी. सिंह के आदेशानुसार आयोजित की गई थी। इस वर्ष की भर्ती विद्यालय के इतिहास में बेहद खास रही, क्योंकि पहली बार एनसीसी इकाई में छात्राओं (लड़कियों) को भी शामिल किया गया है। र्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और उत्कृष्ट बनाने के लिए कई तरह की शारीरिक व मानसिक गतिविधियां आयोजित की गईं।

**एक बडा कदम है**

विद्यालय में पहली बार छात्राओं की एनसीसी में भर्ती होना महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह हमारे विद्यालय के लिए बेहद गर्व का विषय है।

**प्रशासनिक टीम,** सांदीपनि विद्यालय

## युवा कांग्रेस करेगी नप के खिलाफ 'चार साल का हिसाब दो-जवाब दो' कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर शहर में नगर परिषद को अस्तित्व में आए चार वर्ष होने वाले हैं। इस अवसर पर युवक कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम किया जाएगा। जिसकी तैयारी के लिए गत दिवस एक मैरिज गार्डन में युकां की बैठक की गई है। युवक कांग्रेस की ओर से ऋषभ दीक्षित ने बताया कि सोहागपुर नगर परिषद के चार वर्ष पूर्ण होने वाले हैं। लेकिन शहर की स्थिति बदहाल है।

विकास की दृष्टि से देखा जाए तो शहर लगभग एक पंचवर्षीय पीछे पहुंच चुका है। जनहित के कार्य बुरी तरह प्रभावित हैं। पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता व्यवस्था एवं आवाजाही की व्यवस्था खराब है। विकास के कार्य हो नहीं रहे हैं। जिसे लेकर युवा कांग्रेस के द्वारा आगामी समय में 'चार साल का हिसाब दो-जवाब दो'



कार्यक्रम किया जाएगा। जिसकी तैयारी के लिए बैठक की गई है। बैठक में कांग्रेस नेताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए कि 15 वार्डों में नागरिकों से संपर्क कर उनकी समस्याओं की चर्चा की जाएगी। तथा जब कार्यक्रम होगा, तो उसमें पीड़ित नागरिकों को बुलाकर उनके वक्तव्य लिए जाएंगे। साथ भी शासन व प्रशासन से मांग की जाएगी कि जन समस्याओं का समाधान करें। बैठक में पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष पुष्पराज पटेल, पूर्व नपाध्यक्ष संतोष मालवीय, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र सिंह चौधरी, ऋषभ दीक्षित, देवांशु शर्मा, चुन्नीलाल मुद्गल, नितिन चौरसिया, इरफान खान, आकाश चौरसिया, सचिन श्रोती, प्रखर शर्मा आदि कांग्रेसी नेता तथा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## धूमधाम से समर्पण भाव व पूर्ण उल्लास से निकाली भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगर में शारदा सेवा संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा रथ यात्रा को सफल बनाने की तैयारी पखवाड़े भर से की जा रही थी। जिसमें रथ का निर्माण व अन्य साज सज्जा सहित रथ यात्रा मार्ग सजावट कार्य किया गया।

### पहली बार हुआ आयोजन

सोहागपुर के इतिहास में पहला अवसर था कि श्री जगन्नाथ यात्रा का आयोजन किया गया। अतः



नागरिकों ने पूर्ण समर्पण व सद्भाव के साथ इस यात्रा में सहभागिता की। रथ यात्रा बिहारी चौक से पुनः बिहारी चौक पहुंची। भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान श्री बलभद्र एवं बहन सुभद्रा का नागरिकों ने पूजन किया एवं प्रसादी वितरित की गई। इस अवसर पर श्री जगन्नाथ के प्रसाद के रूप में भात वितरण कार्यक्रम का आयोजन श्री राम जानकी मंदिर समिति व वार्ड वासियों की ओर से किया गया। नागरिकों ने कहा कि यह यात्रा प्रतिवर्ष सोहागपुर क्षेत्र में निकाली जानी चाहिए, ताकि सनातनी धर्म की एक सद् परंपरा का निर्वहन क्षेत्रवासी प्रतिवर्ष पूर्ण उल्लास के साथ कर सकें। मुख्य बात यह है कि भरपूर बारिश के दौरान भी रथयात्रा निकाली गई तथा नागरिक उत्साहपूर्वक इसमें शामिल हुए।

## मुख्य चिकित्साधिकारी ने नही सौंपा वित्तीय प्रभार, हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया विकास खंड स्तरीय सिविल अस्पताल में पदस्थ रही महिला खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ ऋचा कटकवार का तबादला पिपरिया से भोपाल हो गया है। उन्हें भोपाल के लिए रिलीव भी कर दिया गया है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी के आदेश अनुसार लेकिन तबादला हुए लगभग एक माह बीत चुका है। उनके स्थान पर डाक्टर राजकुमार पटेल को खंड चिकित्सा अधिकारी का प्रभार भी सौंप दिया गया है। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि एम्बुलेंस के 4 पायलटों ने बताया कि लगभग 2 माह पूर्व से ही चारों गाडियां खराब थी। वर्तमान में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकुमार पटेल ने विधायक ठाकुरदास नागवंशी को अवगत कराया कि त्कालीन खंड चिकित्सा अधिकारी ने अभी तक वित्तीय प्रभार सौंपा ही नहीं है। जिसमें की एम्बुलेंस सेवा फिर से प्रारंभ की जा सके। मामले को गंभीरता से लेकर विधायक ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी से तत्काल प्रभाव से निराकरण करने कि बात कही है।

## शा. मॉडल विद्यालय माखन नगर में निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत गुरुवार को शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, माखन नगर में निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक विजयपाल सिंह , न प अध्यक्ष श्रीमती रीना आकाश तिवारी , ज प अध्यक्ष श्रीमती सावित्री बाई परनामे, मंडल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी, सरपंच संघ



अध्यक्ष कृष्ण कुमार झा, निखलेश चतुर्वेदी, सत्यनारायण पराशर, अजीत सेठी, सूरज मालवीय, सतीश साहू हाजी हुसैनखान, राजेन्द्र सोलंकी, कृष्ण कुमार उपाध्याय, संजय अग्रवाल, पार्षद रुकमणी साहू, निरंजना रावत, प्रिया सुरेन्द्र मालवी, लक्ष्मी मुकेश अहिरवार, निधिश गुरु तथा बीआरसी कमलेश वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा पात्र छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया तथा उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने एवं अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु प्रेरित किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## जिले में पुलिस मुख्यालय मध्य प्रदेश के राज्यव्यापी कार्यक्रम की हुई शुरुआत

# 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

मध्य प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन द्वारा प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' जन-जागरूकता अभियान (15 जुलाई से 30 जुलाई) के तहत आज पचमढ़ी में एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नर्मदापुरम के पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा थोटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिरंजन कुमार के निर्देशन तथा SDOP पिपरिया मोहित यादव के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। थाना प्रभारी पचमढ़ी सुरेखा निमोदा एवं उनके पुलिस स्टाफ द्वारा शासकीय महाविद्यालय पचमढ़ी में पहुंचकर छात्राओं को नशे के गंभीर दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी सुरेखा निमोदा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'नशे से दूरी है ज़रूरी' सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि एक स्वस्थ, सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण कदम है।




**नशे की लत कर देती है खोखला**

नशे की लत समाज और व्यक्ति को अंदर से खोखला कर देती है। नशा करने वाला व्यक्ति न सिर्फ अपने परिवार को परेशान करता है, बल्कि अपनी लत को पूरा करने के लिए चोरी और अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के लिए भी मजबूर हो जाता है।

**पुलिस प्रशासन, पचमढ़ी**

### पुलिस प्रशिक्षण शाला में भी हुआ अभियान का शुभारंभ




पुलिस मुख्यालय, मध्य प्रदेश, भोपाल द्वारा संचालित राज्यव्यापी "नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत दिनांक 15.07.2026 से 30.07.2026 तक सम्पूर्ण मध्य प्रदेश में नशामुक्ति जनजागरूकता अभियान व्यापक स्तर पर संचालित किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुपालन में पुलिस प्रशिक्षण शाला, पचमढ़ी में इकाई प्रमुख श्रीमती ज्योति ठाकुर, पुलिस अधीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण शाला पचमढ़ी के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त निर्देशों के पालन में इस अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया है। अभियान के प्रथम दिवस, दिनांक 15 जुलाई 2026 को पुलिस प्रशिक्षण शाला में पदस्थ समस्त अधिकारी/कर्मचारियों एवं प्रशिक्षु नव आरक्षकों सहित लगभग 350 प्रतिभागियों को नशामुक्ति की सामूहिक शपथ दिलाई गई। साथ ही अभियान के द्वितीय दिवस,अधिकाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ऑनलाइन शपथ ग्रहण अभियान आयोजित किया गया कार्यक्रम के माध्यम से जनसामान्य तक यह संदेश प्रभावी रूप से पहुँचाया गया कि नशामुक्ति केवल व्यक्तिगत संकल्प नहीं, बल्कि स्वस्थ, सुरक्षित एवं समृद्ध समाज के निर्माण की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## जर्जर शाला भवन नष्ट किए जाएंगे, एक या दो बच्चे वाले विद्यालय मर्ज होंगे: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरियाा

पिपरिया जनपद पंचायत के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उपस्थित रहे विधायक ठाकुरदास नागवंशी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल तहसीलदार वैभव बैरागी सहित अन्य सभी विभागों के वरिष्ठ प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रवि कैलवा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी लाल रघुवंशी बि आर सी प्रदीप शर्मा , संजीव दुबे वरिष्ठ क्रषि अधिकारी विकास पटेल मंडी सचिव चंद्र शिवराम उईके अनुविभागीय अधिकारी नहर अजय सिंह उद्यान से हिरेश कौरव सरिता रघुवंशी महिला बाल विकास विभाग मनोज शुक्ला राघवेन्द्र सिंह चौहान अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग मुख्य नगरपालिका अधिकारी धर्मेन्द्र शर्मा शिवम दुबे पशु चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति रहें।

### मिलेगी सुविधाए

शिक्षा अधिकारी से विधायक ने जानकारी दी की शौचालय निर्माण बाउंड्री वॉल नल कनेक्शन बिजली कनेक्शन सहित अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं या नहीं तथा एक या दो बच्चे जिन विद्यालयों में से। उन्हें पास



खेमे शामिल किया जाएगा। पुराने जर्जर शाला भवन कै नष्ट किया जावे। जो भवन खाली है। यदि वहां आंगनबाड़ी भवन नहीं है तो खाली पड़े हिस्से में शामिल किया जाएगा। विधायक ने कहा कि कोई भी सरकारी शिक्षण संस्थानों के बच्चे सांदीपनि विद्यालय में प्रवेश से बंचित नहीं रहेंगे। सभी को प्रवेश दिया जाएगा। सरिता रघुवंशी ने बताया कि जय प्रकाश बार्ड में एक तथा 4 पंचायत में अधुरे भवन निर्माण पड़े हैं। मंडी सचिव चंद्र शिवराम उईके ने बताया कि लगभग 150मीटर की रोड़ बन रहीं हैं। क्रषि अधिकारी ने जैविक खेती की जानकारी दी गई। इस तरह से अनेकानेक विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि कोई भी कार्य अधुरा नहीं होना चाहिए।

## खबर संक्षेप



### शराब का अवैध-परिवहन आरोपी गिरफ्तार

**झिरन्या।** आबकारी वृत्त भीकनगांव द्वारा शराब के अवैध-परिवहन के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। आबकारी दल ने एक आरोपी को मोटर सहित गिरफ्तार किया हैं। जिसके पास से 72 बल्क लीटर बीयर बरामद की गई है। यह घटनाक्रम,आभापुरी-शिवना मार्ग का है,जहां एक काले रंग की टीवीएस मोटरसाइकिल (क्र.एमपी,झेड ई 6435) द्वारा विदेशी शराब का परिवहन किया जा रहा था। वृत्त प्रभारी सार्थक वर्मा उप निरीक्षक ने दल सहित वाहन की घेराबंदी कर उसे रोका गया। जिसकी तलाशी में विदेशी मदिरा कुल 72 बल्क लीटर,बोल्ट बियर केन बरामद की गई,जिसका बाजार मूल्य 80,160 है रुपए है। इस दल में मुख्य आरक्षक राधेश्याम मंडलोई और आरक्षक ऋषिकेश मालवीय शामिल थे। इस मामले में म.प्र.आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क एवं 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। यह कार्रवाई, कलेक्टर रेखा राठौड़ के आदेश और सहायक आयुक्त आबकारी ब्रजेन्द्र कोरी के निर्देश एवं नियंत्रण-कक्ष प्रभारी सजेंद्र मोरी के मार्गदर्शन में की है।

### दो आरोपियों को जिला बदर करने के आदेश

**हरदा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सिद्धार्थ जैन ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर सूरज पिता मिश्रीलाल जाट निवासी ग्राम सोनतलाई थाना हंडिया व राजेश पिता गोविन्दराम सारन निवासी ग्राम मांदला थाना छीपाबड़ को 6 माह के लिये जिलाबदर करने का आदेश जारी किये हैं। जिला बदर की अवधि में आरोपीगण सूरज जाट व राजेश सारन हरदा जिले के साथ-साथ पड़ोसी जिलों नर्मदापुरम, देवास, खंडवा, सीहोर और बैतूल जिलों की सीमा में भी प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

### मामूली बात में विवाद पुलिस में मामला दर्ज

**सिराली।** थाना क्षेत्र में एक किसान के खेत का पानी दूसरे किसान के खेत में आने पर मेड़ पर रोक दिया। इससे किसानों में विवाद हो गया। किसान की शिकायत पर पति-पत्नी और दो बेटों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार कुंभीखेड़ा निवासी अर्जुन सिंह धुर्वे (40) की शिकायत पर पड़ोसी नेहरू तुमराम, उसकी पत्नी सरस्वती तथा दोनों पुत्र रवि और हरिओम के खिलाफ मामला दर्ज किया है। किसान ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 8:30 बजे वह अपने धान के खेत पर गया। खेत से पानी निकलता देख उसने मेड़ पर पत्थर रखकर पानी रोकने का प्रयास किया। इसी बात को लेकर पड़ोसी परिवार से कहासुनी हो गई। आरोप है कि चारों ने उसके साथ गाली-गलौज की। हाथ-मुक्कों से मारपीट की। दोनों बेटों ने उसके पैर मरोड़े। गला दबाया। इससे उसे गले, पीठ और शरीर पर चोटें आईं। घटना के बाद वह पत्नी के साथ डायल-112 की मदद से थाने पहुंचा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने सुंदरपानी निवासी नेहरू तुमराम, उसकी पत्नी सरस्वती तथा बेटों रवि और हरिओम के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

### कुबेरेश्वरधाम में 24 से शिव महापुराण कथा, 29 को गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**सीहोर।** शिव पर आस्था दुविधा में रास्ता है। जब आप भ्रम या संकट में हों और आपको रास्ता न सूझ रहा हो, तो भगवान शिव में विश्वास रखने से आपको समाधान मिल सकता है, भक्ति सच्ची आस्था के साथ करने से मन को शांति मिलती है। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर जारी आन लाइन शिव महापुराण कथा के दौरान अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। 24 जुलाई से 29 जुलाई तक शिव महापुराण कथा एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

## भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली

# 51 किलो सुगंधित फूलों से सजाया रथ बना आकर्षण का केंद्र, पुष्पवर्षा कर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



शहर के बाजार वार्ड स्थित प्राचीनजगदीश मंदिर से गुरुवार सुबह भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ फूलों से सजे रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण के लिए निकले। यात्रा के दौरान शहरभर में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया, रथ को खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया और पारंपरिक रीति से रथ के आगे झाड़ लगाकर अपनी आस्था प्रकट की। मंदिर समिति से जुड़े जयकृष्ण चांडक ने बताया कि रथयात्रा सुबह 10 बजे वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बाद प्राचीन श्री जगदीश मंदिर से रवाना हुई।

भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की सुसज्जित प्रतिमाओं को रथ पर विराजमान कर नगर के प्रमुख मार्गों से शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं के जयघोष, भजन-कीर्तन और शंखध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। नगर भ्रमण के बाद रथयात्रा पुनः मंदिर परिसर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस वर्ष भगवान जगन्नाथ के रथ को 51 किलो सुगंधित और रंग-बिरंगे फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। पूरे मार्ग में फूलों से सजा रथ श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा। बड़ी संख्या में लोगों ने रथ के साथ चलकर भगवान के दर्शन किए और यात्रा में शामिल होकर धार्मिक आस्था व्यक्त की।

### झाड़ू लगाने की निभाई परंपरा

रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने स्वयं भगवान के रथ को खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया। वहीं कई भक्तों ने रथ के आगे झाड़ू लगाकर परंपरा का निर्वहन किया। धार्मिक मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में रथ खींचना और उसके आगे झाड़ लगाना अत्यंत शुभ माना जाता है। मान्यता के अनुसार, इस दिन भगवान स्वयं मंदिर से निकलकर अपनी प्रजा के बीच पहुंचते हैं और सभी को समान दृष्टि से आशीर्वाद देते हैं। भगवान जगन्नाथ का संदेश ‡सब मनिसा मोर परजा‡ अर्थात ‡सभी मनुष्य मेरी प्रजा हैं‡ सामाजिक समरसता और समानता का प्रतीक माना जाता है।

### 56 व्यंजनों का भोग लगाया

रथयात्रा के समापन के बाद दोपहर 12 बजे मंदिर परिसर में भगवान जगन्नाथ की विधि-विधान से महाआरती की गई। इसके पश्चात भगवान को 56 प्रकार के व्यंजनों का पारंपरिक छप्पन भोग अर्पित किया गया। महाआरती और भोग के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और प्रसाद ग्रहण कर भगवान का आशीर्वाद लिया। मंदिर समिति के सदस्य सुयोग सोनी ने बताया कि इस वर्ष भगवान जगन्नाथ का विशेष श्रृंगार किया गया। सोनी परिवार ने स्वर्गीय छगनलाल सोनी और रतनबाई सोनी की स्मृति में लगभग 1.51 लाख रुपये की लागत से तैयार स्वर्ण एवं हीरे जड़ित मुकुट भगवान को अर्पित किया। इस विशेष मुकुट से सुसज्जित भगवान की मनोहारी छवि श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। रथयात्रा के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों ने भगवान का स्वागत किया। कई जगहों पर पुष्पवर्षा की गई और श्रद्धालुओं के लिए पेयजल व प्रसाद की व्यवस्था की गई। पूरे नगर में धार्मिक उत्साह और भक्ति का वातावरण देखने को मिला, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ के दर्शन कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

## अभाविप परिषद ने किया प्रदर्शन

# एनएसयूआई पदाधिकारी पर दुष्कर्म का केस, कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

बीते दिनों भोपाल में एनएसयूआई के एक पदाधिकारी पर दुष्कर्म का मामला दर्ज होने के बाद सियासी माहौल गरमा गया है। इस मामले के विरोध में गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने हरदा जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री कॉलेज के सामने प्रदर्शन किया।

कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस और एनएसयूआई के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एनएसयूआई महासचिव का पुतला दहन किया। एबीवीपी ने मामले में सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार, पीड़िता की शिकायत पर एनएसयूआई के जिला महासचिव सुभाष यादव के खिलाफ दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और फिलहाल मामले की विवेचना जारी है। एबीवीपी की जिला छात्रा प्रमुख डाली कहार ने आरोप लगाया कि पीड़िता को बैठक के बहाने एक स्थान पर बुलाया गया, जहां उसके साथ गलत काम किया गया। उन्होंने दावा किया कि जब पीड़िता ने विरोध किया, तो उससे कहा गया कि राजनीति में एंट्री ऐसे ही मिलती है। एबीवीपी ने इस मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। एबीवीपी नगर मंत्री निकुंज शर्मा ने कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्या कांग्रेस के बड़े पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि पीड़िता से मिलकर उसे न्याय दिलाने आगे आएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को इस मामले में अपना पक्ष स्पष्ट करना चाहिए।

## मूंग खरीदी को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

# रात 12 बजे किसानों ने किया चक्काजाम स्थगित



**हरदा।** आम किसान यूनियन द्वारा इंदौर-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार सुबह से जारी चक्काजाम देर रात 12 बजे स्थगित कर दिया गया। यह प्रदर्शन मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी, खाद वितरण में ई-टोकन व्यवस्था समाप्त करने और फसल बीमा की मांगों को लेकर किया गया था। किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर सिद्धार्थ जैन से मुलाकात कर अपनी प्रमुख मांगों पर विस्तृत चर्चा की। प्रशासन ने किसानों को उनकी मांगों को कृषि विभाग के उच्च अधिकारियों के समक्ष रखने और मुख्यमंत्री से प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात कराने का आश्वासन दिया। आम किसान यूनियन के सदस्य दिनेश लेगा ने बताया कि प्रशासन के आश्वासन के बाद नेशनल हाईवे 47 पर जारी अनिश्चितकालीन चक्काजाम समाप्त कर दिया गया। लगभग 12 घंटे तक चले इस प्रदर्शन के कारण मार्ग पर आवागमन बाधित रहा, जो अब फिर से शुरू हो गया है। मालूम हो कि जिले के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में किसानों ने इस आंदोलन को अपना समर्थन दिया था। चक्काजाम इंदौर-नागपुर फोरलेन पर आयोजित किया गया था मूंग की 100 प्रतिशत समर्थन मूल्य (टरढ) पर खरीदी, खरीदी केंद्र बढ़ाने और खरीफ-2025 की लंबित फसल बीमा राशि के भुगतान की मांग को लेकर किसान हाईवे पर डटे थे। आंदोलन की शुरुआत में किसानों ने टेंट लगाकर धरना दिया और रातभर आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया था, लेकिन अचानक देर रात 12 बजे धरण स्थगित कर दिया है। उधर प्रशासन ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए करीब 500 पुलिसकर्मी तैनात किए थे। दिन भर किसानों के आंदोलन के चलते हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा।

## शासकीय प्राथमिक शाला उमरधा एवं पाडरमाटी में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

# स्थाई लोक अदालत लोक उपयोगी सेवाओं के बारे में जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा




गुरूवार को शासकीय प्राथमिक शाला उमरधा एवं पाडरमाटी में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे ने छात्र/ छात्राओं एवं ग्रामीणजनों को उनके कानूनी अधिकारों एवं नालसा/सालसा योजनाओं एवं शासकीय कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। साथ ही बताया गया कि अपराध से पीड़ति व्यक्तियों अथवा उनके आश्रितों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए पीड़ति प्रतिकर योजना संचालित है।

पात्र पीड़ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान महिलाओं को घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, 2005 के अंतर्गत प्राप्त अधिकारों की जानकारी दी गई। किसी भी प्रकार की शारीरिक, मानसिक, आर्थिक या भावनात्मक प्रताड़ना घरेलू हिंसा की श्रेणी में आती है। पीड़ति महिलाएं पुलिस, संरक्षण अधिकारी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकती हैं। बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की जानकारी देते हुए बताया गया कि इस अधिनियम के अंतर्गत 6 से 14 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। उनके द्वारा अभिभावकों से अपील की गई कि वे प्रत्येक बच्चे का विद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित करें तथा बाल श्रम जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखें साथ ही पॉक्सो अधिनियम, 2012 की जानकारी देते हुए अवगत कराया गया कि कार्यक्रम में बच्चों को लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम की जानकारी दी गई। बच्चों के साथ किसी भी प्रकार का यौन शोषण गंभीर अपराध है। ऐसे मामलों की तत्काल पुलिस अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना देने की अपील की गई। इसी क्रम में उपस्थितजनों को बताया गया कि मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा म.प्र. में ‡स्थायी लोक अदालत (लोक उपयोगी सेवाओं)‡ से संबंधित विवादों के निराकरण के लिये प्रदेश के सभी जिलों में स्थायी लोक अदालतों की स्थापना की गई है। स्थायी लोक अदालतें जिला न्यायालय परिसर में कार्यरत हैं।

स्थाई लोक अदालतें, लोक-उपयोगी सेवायें जैसे वायु, सड़क या जल मार्ग द्वारा यात्रियों या माल के वहन के लिए यातायात सेवा, या डाक, तार या टेलीफोन सेवा, या किसी स्थापन द्वारा जनता को विद्युत, प्रकाश या जल का प्रदाय, या सार्वजनिक मल वहन या स्वच्छता प्रणाली, या अस्पताल या औषधालय सेवा, या बीमा सेवा, से संबंधित विवादों का संज्ञान लेंगी। ‡सेवाओं‡ से तात्पर्य ऐसी किसी भी प्रकार की सेवा से है जो उसके संभावित प्रयोगकर्ताओं को उपलब्ध कराई जाती है। कोई भी व्यक्ति लोक उपयोगी सेवाओं से संबंधित ऐसे विवाद जो न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किये गये हैं उन विवादों का निराकरण जिला न्यायालय में स्थापित उपरोक्त स्थायी लोक अदालत के माध्यम से करा सकता है।

# ट्रक ने डंपर में मारी टक्कर, मासूम सहित दो की मौत

**सीहोर।** जिले के नेशनल हाईवे-46बी स्थित मिडघाट पर तड़के करीब चार बजे तेज रफ्तार आइसर ट्रक खराब खड़े डंपर से जा टकराया। हादसे में डंपर चालक और एक मासूम बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य लोग घायल हुए। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



जिले का नेशनल हाईवे-46बी स्थित मिडघाट बुधवार तड़के एक दिल दहला देने वाले हादसे का गवाह बना। सुबह करीब चार बजे तेज रफ्तार से गुजर रहा एक आइसर ट्रक सड़क किनारे खराब हालत में खड़े डंपर के पिछले हिस्से से जा भिड़ा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आसपास सन्नाटा चीरता हुआ शोर गूंज उठा और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही बुधनी थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच में सामने आया है कि डंपर तकनीकी खराबी के चलते हाईवे किनारे रुका हुआ था और उसका चालक उसे सुधारने में लगा था। इसी बीच पीछे से तेज गति में आ रहे ट्रक का चालक समय रहते वाहन पर काबू नहीं रख पाया और सीधे डंपर से जा टकराया। टक्कर की तीव्रता ऐसी थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में डंपर चालक प्रदीप पिता रघुवीर पाल (करीब 30 वर्ष), निवासी नागोरी, थाना सांची, जिला रायसेन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रक में सवार करीब 8-9 वर्षीय मासूम राजवीर पिता मोनू नागवंशी, निवासी परासिया, जिला छिंदवाड़ा भी इस हादसे में जान गंवा बैठा। कुछ अन्य लोगों को भी हल्की चोटें आईं। सूचना मिलते ही बुधनी पुलिस और प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और युद्धस्तर पर रेस्क्यू अभियान चलाया। घायलों को तुरंत एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। इसके बाद क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर हाईवे पर आवाजाही सामान्य कराई गई।

### नवोदय स्कूल में प्रवेश परीक्षा के आवेदन प्रारंभ

**सीहोर।** सीहोर जिले के श्यामपुर स्थित जवाहर नवोदय स्कूल में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए होने वाली चयन परीक्षा के आवेदन प्रारंभ हो गए हैं। ऑनलाइन आवेदन बेवसाईट **www. navodaya .gov.in** अथवा **http:// cbseitms. rcil. gov. in/nvs** के माध्यम से किया जा सकता है। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 है। पंजीयन के लिए विद्यार्थी की जन्म तारीख 01 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के बीच होनी चाहिए। इसके साथ ही किसी भी सरकारी या मान्यता प्राप्त स्कूल से तीसरी एवं चौथी कक्षा पास तथा वर्तमान सत्र में कक्षा पाँचवी में अध्ययनरत होना चाहिए।

## दस्तक दल घर-घर पहुंचेंगे

# दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान का शुभारंभ किया



**सीहोर।** बच्चों को डायरिया एवं अन्य गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग द्वार 14 जुलाई से 31 अगस्त तक दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान चलाया जा रहा है। सीहोर जिला अस्पताल में इस अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय ने अभियान का शुभारंभ किया। इसके साथ ही सभी विकासखंडों में शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों स्क्रीनिंग करेंगी तथा डायरिया, कुपोषण, निमोनिया सहित अन्य बाल्यकालीन बीमारियों की पहचान कर आवश्यक उपचार एवं परामर्श उपलब्ध कराएंगी। अभियान के दौरान बच्चों को ओआरएस के पैकेट, जिंक की गोलियां, विटामिन-ए एवं आयरन सिरप उपलब्ध कराया जाएगा। गंभीर रूप से बीमार अथवा कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य संस्थाओं में उपचार के लिए रेफर भी किया जाएगा। मैदानी स्तर पर एएनएम के नेतृत्व में आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के संयुक्त दस्तक दल घर-घर जाकर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करेंगे। अभियान का मुख्य उद्देश्य डायरिया से होने वाली बाल मृत्यु दर में कमी लाना, बच्चों में बीमारियों की समय पर पहचान करना तथा उन्हें शीघ्र उपचार उपलब्ध कराना है। जिला अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. यू.के. श्रीवास्तव, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. राजकुमार अहिरवार सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## पार्टी मोहल्ला से खेड़ापति मंदिर तक बनाई जाएगी सड़क

# 88 लाख रुपए की लागत से बढ़िया खेड़ी में सीसी रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बढ़िया खेड़ी क्षेत्र में बुधवार को 88 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड निर्माण कार्य का मशीन पूजन कर शुभारंभ किया गया। यह सड़क पार्टी मोहल्ला से खेड़ापति मंदिर तक बनाई जाएगी, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।

इस अवसर पर विधायक सुरेश राय ने कहा कि यह सड़क लंबे समय से सीवरेज कार्य के कारण रुकी हुई थी। अब सीवरेज कार्य पूर्ण होने के बाद सड़क निर्माण शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर शहर के विकास के लिए लगातार बेहतरीन कार्य कर रहे हैं और आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि बढ़िया खेड़ी की यह सड़क लंबे समय से सीवरेज कार्य के कारण नहीं बन पा रही थी। अब कार्य पूर्ण होने के बाद सीसी रोड निर्माण शुरू हो गया है। इस मार्ग की खराब स्थिति के कारण क्षेत्रवासियों के साथ-साथ आसपास के लोगों को परेशानी होती थी सड़क खराब होने के कारण क्षेत्र के स्कूलों में आने-जाने वाले बच्चों को रोजाना परेशानी उठानी पड़ती थी। बरसात के दौरान कीचड़ और जलभराव से आवागमन बेहद कठिन हो जाता था। अब सीसी रोड बनने से क्षेत्रवासियों के साथ-साथ स्कूली बच्चों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन शास्त्री, वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद प्रतिनिधि राहुल राय, पार्षद राजेश मजीरिया, मुकेश मेवाड़ा, भजन परमार, कमलेश राठौर, नरेंद्र राजपूत सहित बढ़िया खेड़ी के बड़ी संख्या में रहवासी उपस्थित रहे।